SET - B

# संकलित परीक्षा - I (2015-16)

## हिन्दी 'ब'

## कक्षा - IX

निर्धारित समय : 3 घण्टे | अधिकतम अंक : 90

निर्देश :

(1) इस प्रश्न-पत्र के **चार खंड** हैं - क, ख, ग और घ।

(2) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना **अनिवार्य** है।

(3) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

## खण्ड क

## ( अपठित बोध )

1. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए और पूछे गए प्रश्नों के उत्तरों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए।** 5

जिह्वा सभी को मिली है, किन्तु उचित बोलना बहुत कम लोग जानते हैं। प्राय: लोग कड़वी बातों में दूसरे की व्यर्थ निंदा-स्तुति में वाणी की सार्थकता समझते हैं। उन दिव्य पुरुषों की संख्या अँगुलियों पर ही गिनी जा सकती है। जिनकी *जिह्वा में अमृतोपम मधुरता एवं हिम की सी शीतलता रहती है ऐसे लोगों की वाणी से निराश जीवन को उत्साह मिलता* है। नरक की यंत्रणा में छटपटाने वाले को धैर्य और.आश्वासन मिलता ह। व्यक्तित्व का परिचय देने में वाणी प्रथम है, क्योंकि अन्य गुण तो साथ रहने पर धीर-धीरे प्रकट होते हैं पर वाणी की गरिमा तत्काल प्रकट होती है। इसके द्वारा

सर्वथा अपरिचित को भी, थोड़े वार्तालाप में ही स्नेह और सहानुभूति के सूत्र में बाँधा जा सकता है। दिव्य वाणी बोलने वाले के लिए संसार में चारों तरफ अमीर गरीब परिचित-अपरिचित सबके द्वार स्वागत के लिए खुले रहते हैं। उनके मान में लोग पलक पाँवड़े बिछा देते हैं। ऐसा सम्मान छत्रधारी सम्राट होने पर भी शायद ही कोई पा सकता है।

(i) जिह्वा सभी को मिली है किन्तु उचित बोलना-

(क) सभी जानते हैं। (ख) कम लोग जानते हैं।

(ग) ज्यादातर लोग जानते है। (घ) पढ़े-लिखे लोग जानते हैं।

(ii) प्रायः लोग वाणी की सार्थकता समझते हैं-

(क) कड़वी तीखी बातों में, दूसरों की व्यर्थ निंदा स्तुति में।

(ख) प्यार भरी बातों में, अपनों की व्यर्थ निंदा स्तुति में।

(ग) सामान्य बातों में, सभी की निंदा स्तुति में।

(घ) अधिक बातें करने में।

(iii) 'व्यक्तित्व' शब्द में किस प्रत्यय का प्रयोग है ?

(क) व्यक्ति (ख) त्व (ग) व (घ) तत्व

(iv) सबके द्वार स्वागत के लिए खुले रहते हैं-

(क) अमीर के लिए। (ख) गरीब के लिए।

(ग) दिव्य वाणी बोलने वाले के लिए। (घ) कलाकार के लिए।

(v) "पलक पाँवड़े बिछाना" का अर्थ है ?

(क) पलकें बंद कर लेना। (ख) सम्मान देना।

(ग) रास्ता साफ करना। (घ) अपलक निहारना।

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तरों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए - 5

वह ईंट धन्य है तो कट-छँटकर कंगूरे पर चढ़ती है और हमारा ध्यान अपनी ओर खींचती है। इसके साथ-साथ वह ईंट भी धन्य है जो जमीन के सात हाथ नीचे जाकर नींव में गढ़ गई और इमारत की पहली ईंट बनी। उसी ईंट पर इमारत की मजबूती टिकी रहती है। उस ईंट के हिले जाने से कंगूरा नीचे आ गिरेगा अर्थात् नींव की ईंट अधिक महत्त्वपूर्ण है। उस ईंट ने स्वयं को इसलिये नींव में नीचे डाल दिया ताकि इमारत सौ हाथ ऊपर जा सके, उस ईंट ने अंधे कुएँ में जाना इसलिए स्वीकार किया ताकि ऊपर के लोगों का साफ हवा मिलती रहे, सुनहरी रोशनी मिलती रहे। (कुछ स्वतंत्रता सेनानियों ने इसलिए अपना बलिदान दे दिया ताकि आने वाली आजादी का सुख दूसरे लोग भोग सकें।) सुंदर निर्माण के लिए हमेशा बलिदान की आवश्यकता होती है। यह बलिदान चाहे ईंट का हो अथवा व्यक्ति का। सुंदर इमारत बनाने के लिए पक्की-लाल ईंटों को नींव में जाना ही पड़ता है। उसी प्रकार समाज को सुंदर बनाने के लिए कुछ तपे-तपाए लोगों को चुपचाप बलिदान देना ही पड़ता है।



SET-B

(i) कंगूरे की ईंट को लेखक ने क्यों धन्य माना?

(क) सबका ध्यान खींचने के कारण

(ख) बाहरी दिखावे के कारण

(ग) मजबूती देने के कारण

(घ) अपने रूप के कारण

(ii) नींव की ईंट को क्यों धन्य माना गया?

(क) मजबूती के कारण

(ख) इमारत को स्थायित्व देने के कारण

(ग) सबसे नीचे गड़ने के कारण

(घ) छिपने के कारण

(iii) कंगूरे की ईंट और नींव की ईंट में कौन अधिक महत्त्वपूर्ण है?

(क) दोनों ही (ख) कंगूरे

(ग) नींव (घ) दोनों ही नहीं

(iv) 'पक्की-पक्की लाल ईंट' कह कर लेखक किन्हें उत्साहित कर रहा है?

(क) नेताओं को (ख) युवाओं को

(ग) उद्योगपतियों को (घ) दुकानदारों को

(v) निम्नलिखित में किस शब्द में 'निर्' उपसर्ग नहीं है?

(क) निर्मल (ख) निर्जल

(ग) नीरव (घ) निराला

3 **निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर, दिये गए प्रश्नों के उत्तरों में से सही विकल्प चुनकर लिखिए।** 5

आ रही रवि की सवारी

SET– B

नव किरण का रथ सजा है,
कलि कुसुम से पथ सजा है,
बादलों-से-अनुचरों ने, स्वर्ण की पोशाक धारी।
आ रही रवि की सवारी।

विहग, बंदी और चारण,
गा रहे हैं, कीर्ति-गायन,
छोड़कर मैदान भागी, तारकों की फौज सारी।

चाहता उछलूँ विजय कह
पर ठिठकता देखकर यह
रात का राजा खड़ा है, राह में बनकर भिखारी
आ रही रवि की सवारी।

(i) किसकी सवारी आ रही है ?

(क) चाँद की। (ख) रवि की। (ग) दूल्हे की। (घ) चीटियों की।

(ii) किससे पथ सजाया गया है ?

(क) फूलों से। (ख) मलमल से। (ग) काँटों से। (घ) रेत से।

(iii) मैदान छोड़कर कौन भागी ?

(क) सूरज की रोशनी। (ख) चाँद।

(ग) तारकों की फौज। (घ) पुरुष।

(iv) रात का राजा चाँद कैसे खड़ा है ?

(क) राजकुमार जैसा बनकर। (ख) पहाड़ जैसा बनकर। (ग) पेड़ जैसा

SET- B

बनकर।                (घ) भिखारी बनकर।

(v) विहग क्या गा रहे हैं ?

(क) कीर्ति गीत।     (ख) संगीत।     (ग) दुख भरे गीत।

(घ) प्रतिवादी गीत।

4 **निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़िए तथा नीचे दिए गए प्रश्नों के लिए सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए।** 5

आठों पहर निवास यहीं

उनका है हम सब के घर।

प्रात प्रकाश उँडेल उन्ही की

हँसी बरसती झर-झर।

जाग सबेरे जो देखें हम

अपनी आँख पसारे।

देख रहे वे हमें खुशी से

पल को पलक न मारें।

उसी खुशी की जोत जगे

सारा घर हुआ उजागर।

प्रात प्रकाश उँडेल उन्हीं की

हँसी बरसती झर-झर

यहाँ अकेले बैठे रहते



SET- B

हैं वे हम सब के घर

जब हम दैनंदिन कामों में

कहीं निकलते बाहर।

निकल द्वार तक हमें बढ़ा

जाते वे पथ में आगे।

गाते हुए खुशी मन से हम

चल देते हैं आगे।

साँझ हुए घर आते जब

कामों से कर छुट्टी

देखें तो एकाकी बैठे

हैं वे हम सब के घर

(i) आठों पहर उनका निवास कहाँ है?

(क) हरे वृक्षों पर (ख) ऊँचे पर्वतों पर

(ग) सबके हृदय में (घ) सबके घरों में

(ii) झर-झर क्या बरसता है?

(क) वर्षा का जल (ख) अश्रुजल

(ग) हँसी (घ) झरना

(iii) आंखें पसारकर किस समय जगकर देखने की बात हो रही है?

(क) प्रातःकाल (ख) सायंकाल

SET– B

(ग) रात्रि में (घ) दोपहर में

(iv) जब हम काम में जाते हैं तो वे कहाँ बैठे रहते हैं?

(क) मन्दिर में (ख) गाँव के बाहर

(ग) पेड़ के नीचे (घ) हम सबके घर

(v) किन कामों से बाहर निकलने की बात कही गई है?

(क) घर के कामों से (ख) विद्यालय के कामों से

(ग) दैनंदिन कामों से (घ) सामाजिक कामों से

## खण्ड ख

### ( व्यावहारिक व्याकरण )

5 (क) निम्नलिखित शब्दों का वर्ण विच्छेद कीजिए : 5

जीवन,विद्यालय ,

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से उस शब्द को चुनिए जिनमें अनुस्वार का प्रयोग होता है :

पख,फासना ,धसना ,

(ग) निम्नलिखित शब्द में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग कर शब्द को दुबारा लिखिए:

कांच

(घ) निम्नलिखित शब्द में उचित स्थान पर नुक्ते का प्रयोग कीजिए : जिलाधीश

6 (क) निम्नलिखित शब्दों में संधि कीजिए : 4

(i) ज्ञान+उदय (ii) देव + ऋषि

(ख) निम्नलिखित शब्दों में संधि-विच्छेद कीजिए :

(i) महोदय (ii) सदैव

SET- B

7 (क) निम्नलिखित शब्द में से मूल शब्द व प्रयुक्त उपसर्ग को अलग-अलग कीजिए। 6

अवगत

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से मूल शब्द व प्रयुक्त प्रत्यय को अलग-अलग कीजिए।

बदलाव , आलोकित

(ग) निम्नलिखित वाक्यों में उचित विराम-चिह्न लगाकर लिखिए।

(i) महात्मा गांधी ने कहा सत्य ही ईश्वर है

(ii) अर्थशास्त्र कहता है आवश्यकता अविष्कार की जननी है

(iii) तुम्हें यहाँ अच्छा लग रहा है न मैं जानता हूँ

## खण्ड ग

### ( पाठ्य-पुस्तक )

8 **पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।** ( 2+2+1 )

(i) लेखक को ऐसा क्यों लगा कि अतिथि सदैव देवता नहीं होते? 2

(ii) यशपाल जी की कहानी 'दुख का अधिकार' में दुख मनाने का अधिकार सबको क्यों नहीं है? 2

(iii) हीरे के साथ धूल को भी सम्मान देना आवश्यक क्यों है? 1

9 अपने एकमात्र कमाऊ पुत्र की मृत्यु के अगले ही दिन खरबूजे बेचने ने के लिए विवश बूढ़ी माँ की कष्टदायक मानसिक दशा को अपने शब्दों में प्रस्तुत कीजिए। 5

SET- B

10 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (2+2+1) 5

अतिथि मैं जानता हूँ कि अतिथि देवता होता है, पर आखिर मैं भी मनुष्य हूँ। मैं कोई तुम्हारी तरह देवता नहीं। एक देवता और एक मनुष्य अधिक देर साथ नहीं रहते। देवता दर्शन देकर लौट जाता है। तुम लौट जाओ अतिथि। इसी में तुम्हारा देवत्व सुरक्षित रहेगा। यह मनुष्य अपनी वाली पर उतरे, उसके पूर्व तुम लौट जाओ।

(क) 'अतिथि देवता होता है' - टिप्पणी कीजिए।

(ख) आशय स्पष्ट कीजिए - 'इसी में तुम्हारा देवत्व सुरक्षित रहेगा।'

(ग) लेखक के कथन में क्या धमकी छिपी है?

पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( 2+2+1)

11(i) 'जैसे चितवत चंद चकोरा' का भाव स्पष्ट कीजिए। 2

(ii) आदमी एक साथ अनुयायी और संत कैसे बन सकता है, 'आदमी नामा' कविता के आधार पर बताइए। 2

(iii) रहीम अपना दुख न बाँटने का परामर्श क्यों देते हैं? 1

12 एक ओर आदमी अपनी सत्ता के मद में दूसरे पर सितम कर रहा है, दूसरी ओर अत्याचार सहकर भी आदमी दौड़ा चला आ रहा है क्यों? समाज की इन विसंगतियों का उल्लेख नज़ीर की कविता को कितना प्रभावशाली बना रहा है? 5

13 कई बार बाल सुलभ शरारतें कैसे जानलेवा बन जाती हैं? कहानी 'स्मृति' के आधार पर अपनी किसी जानलेवा शरारत का वर्णन कीजिए। 5

SET- B

## खण्ड घ

### ( लेखन )

दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर **किसी एक** विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।

14(i) ऋतु परिवर्तन 5

- ऋतुओं का परिचय
- ऋतुओं का परिवर्तन और प्रभाव
- अनुकूल बनाए रखने के उपाय

(ii) लोकतंत्र में आम आदमी का स्थान 5

- मानव के अधिकार
- अपनी बात कहने हेतु प्रदर्शन कितना उचित ?
- अधिकार और कर्त्तव्य का समन्वय जरूरी।


(iii) रियलिटी शो 5

- 'रियलिटी शो' से तात्पर्य
- छात्रों के टैलेंट को उभारने में सहायक
- जीवन के नए आयाम निर्धारण में सहायक

15 आपके मित्र ने नया मोबाइल फोन लिया है और वह अधिक समय फोन पर ही बिताता है। आप मोबाइल के दुष्प्रभावों का वर्णन करते हुए अपने मित्र को सलाह देते हुए पत्र लिखिए। 5

SET – B

16 दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर मन में उभरे विचारों को अपनी भाषा में लगभग 20 - 30 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए। 5
विचारों का वर्णन स्पष्ट रूप में चित्र से ही संबद्ध होना चाहिए।




17 अपनी-अपनी महत्ता प्रदर्शित करते हुए वृक्ष तथा नदी के बीच होने वाले संवाद को अपने शब्दों में लगभग 50 शब्दों में लिखिए। 5

18 आपने आपके शहर में डिजाइनर बुटिक खोला है। उसके प्रचार के लिए 20-25 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5



SET - B